# केंद्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग

## सत्रांत परीक्षा नमूना प्रश्नपत्र-2 (2021-22)

कक्षा- 5 विषय – हिंदी समय: 60 मिनट पूर्णांक - 40

विद्यार्थी का नाम__________________ अनुक्रमांक ______________________

कक्षा____________________________ वर्ग__________________________

दिनांक :_________________________दिन : _________________________

निरीक्षक हस्ताक्षर :__________________परीक्षक हस्ताक्षर : ________________

मूल्यांकन तालिका

| खंड | दक्षताएँ | मूल्यांकन बिंदु | प्राप्त अंक |
|---|---|---|---|
| क | पठन | 5 | |
| ख | व्याकरण | 10 | |
| ग | वर्तनी | 5 | |
| घ | शब्द भंडार | 5 | |
| ङ | गद्य /पद्य | 5 | |
| च | सृजनात्मक लेखन | 5 | |
| छ | सुलेख | 5 | |
| | **कुल अंक** | **40** | |

निर्देश :1- सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

2- इस प्रश्न पत्र को क, ख, ग, घ, ङ, च, छ सात खंडों में विभाजित किया गया है।

3- खंड क, ख, ग, घ में सभी प्रश्न बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले हैं।

4- खंड, ङ, च, छ में सभी प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में दिए जाएंगे।

### खंड (क) पठन अपठित गद्यांश 1×5=5

1-दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर चुनिए-

एक बार असुरराज हिरण्यकश्यप विजय प्राप्ति के लिए तपस्या में लीन था। मौका देखकर देवताओं ने उसके राज्य पर कब्जा कर लिया। उसकी गर्भवती पत्नी को ब्रह्मऋषि नारद अपने आश्रम में ले आए। उसे प्रतिदिन धर्म और विष्णु महिमा के बारे में बताते। यह ज्ञान गर्भ में पल रहे पुत्र प्रह्लाद ने भी प्राप्त किया। बाद में ब्रह्मा के वरदान से हिरण्यकश्यप ने तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली, तो रानी ने वापस आकर प्रह्लाद को जन्म दिया। बाल्यावस्था से ही प्रह्लाद ने विष्णु भक्ति शुरू कर दी। पहले तो प्रह्लाद को पूजा करने को मना किया गया। किंतु असफल रहे। फिर असुरराज ने अपने पुत्र की हत्या का आदेश दे दिया। लेकिन ईश कृपा से प्रह्लाद बच गया।

1- असुरराज हिरण्यकश्यप किस कार्य में लीन थे?

क- निंद्रा में लीन थे ☐ ख- तपस्या में लीन थे ☐

ग- स्वप्न में लीन थे ☐ घ- पूजा पाठ में लीन थे ☐

2- उनकी गर्भवती पत्नी को कौन अपने आश्रम में ले आए?

क- विश्वामित्र जी ☐ ख- परशुरामजी ☐

ग- नारदजी ☐ घ- शंकराचार्यजी ☐

3- हिरण्यकश्यप ने किसके वरदान से तीनों लोकों पर विजय प्राप्त की?

क- शंकर जी के ☐ ख- विष्णु जी के ☐

ग- हनुमान जी के ☐ घ- ब्रह्मा जी के ☐

4- प्रह्लाद ने विष्णु भक्ति किस अवस्था में शुरू की?

क- युवावस्था में ☐ ख- वृद्धावस्था में ☐

ग- बाल्यावस्था में ☐ घ- किशोरावस्था में ☐

5- प्रह्लाद की हत्या का आदेश किसने दिया था?

क- यमराज ने ☐ ख- असुरराज ने ☐

ग- देवराज ने ☐ घ- नागराज ने ☐

## खंड (ख) व्याकरण 1×10=10

1- निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा शब्द चुनिए -

क- स्वामीनाथन ☐ ख- हमला ☐

ग- बहादुर ☐ घ- मामूली ☐

2- निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द चुनिए-

क- यकीन ☐ ख- उसके ☐

ग- हमेशा ☐ घ- हमला ☐

3- निम्नलिखित शब्दों में से 'लेखक' शब्द का बहुवचन चुनिए-

क- लेखाकारों ☐ ख- लेखकों ☐

ग- लिखावट ☐ घ- लिखित ☐

4- निम्नलिखित शब्दों में से 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग चुनिए-

क- लेखिका ☐ ख- कवयित्री ☐

ग- गायिका ☐ घ- नायिका ☐

5- निम्नलिखित में से "आँख भर आना" मुहावरे का सही अर्थ चुनिए-

क- आँखों में आँसू आना ☐ ख- आँखों में पानी आना ☐

ग- आँखों में धूल भरना ☐ घ- आँखों में धुआँ भरना ☐

6- निम्नलिखित शब्दों में से द्विरुक्त व्यंजन वाला शब्द चुनिए-

क- चटकन ☐ ख- चप्पल ☐

ग- विरानी ☐ घ- ग्वालिन ☐

7- सेंटीला__________घर नागालैंड के किस शहर में है?

वाक्य में खाली स्थान के लिए उचित शब्द चुनिए-

क- अपना ☐ ख- तुम ☐

ग- तुम्हारा ☐ घ- हमारा ☐

8- निम्नलिखित में से "?" इस चिह्न का सही नाम है-

क- अल्प विराम ☐ ख- पूर्ण विराम ☐

ग- अर्ध विराम ☐ घ- प्रश्नवाचक चिन्ह ☐

9- "दरवाजा खोलने में इतनी देर क्यों लगाई?" इस वाक्य में क्रिया शब्द है-

क- दरवाजा ☐ ख- खोलने ☐

ग- इतनी ☐ घ- देर ☐

10- निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द 'इक' प्रत्यय जोड़कर बनाया गया है-

क- साहस ☐ ख- सफलता ☐

ग- बारिश ☐ घ- साहसिक ☐

## खंड (ग) वर्तनी 1×5=5

1- निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-

क- जलस्रोतों ☐ ख- जलश्रोतों ☐

ग- जलशोतों ☐ घ- जलसोतों ☐

2- निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-

क- अधीक्षक ☐ ख- अधिक्षक ☐

ग- अधीशक ☐ घ- अधीसक ☐

3- निम्नलिखित शब्दों में से '**चँद्रबिंदु**' वाला सही शब्द चुनिए-

क- बाँल्टिया ☐ ख- बाल्टीयाँ ☐

ग- बालटियाँ ☐ घ- बाल्टियाँ ☐

4- **राज____नियों**

निम्नलिखित अक्षरों में से सही अक्षर चुनकर शब्द पूरा कीजिए-

क- मा ☐ ख- टा ☐

ग- धा ☐ घ- का ☐

5- निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-

क- पर्वतमाला ☐ ख-परवतमाला ☐

ग- प्रवतमाला ☐ घ- पृवतमाला ☐

## खंड (घ) शब्द भंडार 1×5=5

1-निम्नलिखित शब्दों में से 'सूरज' शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए-

क- मयंक ☐ ख- राकेश ☐

ग- दिवाकर ☐ घ- गगन ☐

2-निम्नलिखित शब्दों में से "प्रसन्न" शब्द का विलोम शब्द चुनिए-

क- खुशी ☐ ख- दुख ☐

ग- अप्रसन्न ☐ घ- अपरसन ☐

3- **"जो मिट्टी के बर्तन बनाता है"**।

वाक्यांश के लिए सही शब्द चुनिए-

क- सुनार ☐ ख- लोहार ☐

ग- कुम्हार ☐ घ- बढ़ई ☐

4- निम्नलिखित शब्दों में से 'चालू' शब्द का सही तुकांत शब्द चुनिए-

क- काले ☐ ख- चालें ☐

ग- नानू ☐ घ- ढालू ☐

5-निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द चुनिए-

क- सुंदर ☐ ख- अनार ☐

ग- मटकी ☐ घ- भिश्ती ☐

## खंड (ड़) गद्य/ पद्य (2+2+1=5)

**प्रश्न 1-**अपने घर के नल के पाइप में मोटर लगाना दूसरों का हक छीनने के बराबर है। लेखक ऐसा क्यों मानते हैं ?

**उत्तर**______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

_____________

**प्रश्न 2-**स्वामीनाथन की दादी के पास क्या - क्या सामान था? सूची बनाइए।

**उत्तर**______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

__________

**प्रश्न 3-** "छोटी सी हमारी नदी" कविता के कवि का क्या नाम है ?

**उत्तर-** _______________________________________________________________

_________________________________________________________________

## खंड (च) सृजनात्मक लेखन 5×1=5

**प्रश्न-**"खीर" बनाने की विधि सामग्री सहित लिखिए-

**सामग्री**__________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________

**विधि-**_______________________________________________________________

## खंड (छ) सुलेख 5×1=5

निम्नलिखित अनुच्छेद का सुलेख लिखिए-

फ़ार्महाउस में खामोशी  थी। बस रसोईघर से प्रेशर कुकर की सीटी की आवाज़ आ रही थी। मुर्गियाँ अभी अपने दडबे में थीं और गुलाब चंद सामने का बरामदा साफ़ कर रहा था। अचानक कर्नल साहब का अल्सेशियन कुत्ता जोर-जोर से भौंकने लगा। वह किसी अजनबी को देखकर ही इस तरह भौंकता है। बिशन समझ गया कि शिकारी इधर ही आ रहे हैं।